लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 5. 5. 2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2:3

आइडिया को स्टार्टअप तक ले जाने को एबिक ने दी ट्रेनिंग

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एबिक सेंटर में स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए वेबिनार आयोजित हुआ। जिसमें आइडिया से स्टार्ट-अप बनाने के बारे में छात्रों व किसानों को टिप्स दिए गए। वेबिनार में जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनेंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर ट्विंकल मंगल शामिल हुए। स्टार्टअप गुरु अभिषेक ने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनेस स्टार्ट नहीं किया जा सकता। कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनेस के रूप में रूपांतरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनेस प्रपोजल बनाएं और इन्वेस्टर व एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के सामने प्रस्तुत करते हुए किन-किन बातों का ध्यान रखें। एंटरप्रेन्योरशिप क्यों जरूरी है और इस के क्या-क्या फायदे हैं। इस वेबीनार में एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ-साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

एबिक सेंटर से स्टार्टअप करें शुरू

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि एबिक के साथ जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स अपने बिजनेस को नए आयाम दे रहे है। विद्यार्थी व किसान एबिक से जुड़कर कृषि क्षेत्र में अपने नए स्टार्टअप्स शुरू कर सकते हैं ताकि युवा अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखें बल्कि अपने क्षेत्रों में इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें। इस प्रकार के वेबिनार सभी युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगारोन्मुखी व सफल साबित होते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक....5.5.2020.... पृष्ठ सं.....3..... कॉलम....7-8....

नवविचार को कैसे एग्री बिजनैस में स्थापित करें, स्टार्टअप गुरु ने सुझाए मंत्र

हिसार, 4 मई (ब्यूरो): कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाऊन की गंभीरता को देखते हुए चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह लगातार ऑनलाइन कार्यशाला व वेबीनार को बढ़ावा दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि एबीक के साथ जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स अपने बिजनैस को नए आयाम दे रहे हैं। कुलपति के दिशा-निर्देशानुसार एच.ए.यू. में स्थापित एग्रीबिजनैस इनक्यूबेशन सैंटर लगातार वेबीनार आयोजित करवा रहा है, हाल ही में वेबीनार का आयोजन जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनैस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनैंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर ट्विंकल मंगल ने करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप गुरु त्रिपाठी ने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनैस स्टार्ट नहीं किया जा सकता और कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनैस के रूप में रूपान्तरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनैस प्रपोजल बनाएं और इन्वैस्टर व एग्रीबिजनैस इनक्यूबेशन सैंटर के सामने प्रस्तुत करते हुए किन-किन बातों का ध्यान रखें। इस वेबीनार में एग्रीबिजनैस इनक्यूबेशन सैंटर की नोडल अधिकारी प्रो.सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ-साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक....5.5.2020.... पृष्ठ सं....4.... कॉलम....1:3....

एचएयू में ऑनलाइन कार्यशाला में एग्रो बिजनेस स्थापित करने के दिए टिप्स

युवा उद्यमी अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखें : प्रो. केपी सिंह

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आनॅलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को एग्रो बिजनैस स्थापित करने के टिप्स दिए गए। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह लॉकडाउन के कारण कोरोना से बचाव के मद्देनजर लगातार ऑनलाइन कार्यशाला को बढ़ावा दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि एबीक के साथ जुड़कर एग्री स्टार्टअप अपने बिजनेस को नए आयाम दे रहे हैं। उन्होंने छात्रों व किसानों से आह्वान किया कि वे एबीक से जुड़कर कृषि क्षेत्र में अपने नए स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, ताकि युवा उद्यमी अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखें बल्कि अपने क्षेत्रों में इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें।

एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर लगातार कार्यशाला आयोजित करवा रहा है। हाल ही में हुए 2-3 मई के सेमिनार का आयोजन जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनेंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर ट्विंकल मंगल ने करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप गुरु त्रिपाठी ने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनेस स्टार्ट नहीं किया जा सकता और कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनेस के रूप में रूपान्तरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनेस प्रपोजल बनाएं। एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रो. सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ-साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक......5.5.2020...... पृष्ठ सं.......3...... कॉलम.....8......

बिना विचार के कोई भी बिजनेस नहीं किया जा सकता स्टार्ट : त्रिपाठी

हिसार (ब्यूरो)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की तरफ से आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनेस स्टार्ट नहीं किया जा सकता और कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनेस के रूप में रूपांतरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई।

उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनेस प्रपोजल बनाएं और इन्वेस्टर व एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के सामने प्रस्तुत करते हुए किन-किन बातों का ध्यान रखें। बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु ने प्रतिभागियों को बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप क्यों जरूरी है और इसके क्या-क्या फायदे हैं। आरकेवीवाई रफ्तार के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि वेबिनार के साथ कुछ केस स्टडी या प्रैक्टिकल एक्सरसाइज जोड़ दिए जाएं तो इसका अधिक लाभ पा सकते हैं। इस वेबीनार में एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स
दिनांक: 4.5.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-6

हरियाणा कृषि विवि में नवविचार को कैसे एग्री बिजनेस में स्थापित करें, स्टार्टअप गुरु ने सुझाए सफलता मन्त्र

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। कोविड 19 के कारण हुए लॉकडाउन की गंभीरता को देखते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह लगातार ऑनलाइन कार्यशाला व वेबीनार को बढ़ावा दे रहे है। ज्ञात रहे कि एबीक के साथ जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स अपने बिजनेस को नए आयाम दे रहे है। उन्होंने छात्रों व किसानों से आह्वान किया कि वे एबीक से जुड़कर कृषि क्षेत्र में अपने नए स्टार्टअप्स शुरू कर सकते हैं ताकि युवा उद्यमी अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखें बल्कि अपने क्षेत्रों में इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें। इस प्रकार के वेबिनार सभी युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगारोन्मुखी व सफल साबित होते हैं।

कुलपति के दिशा-निर्देशानुसार एचएयू में स्थापित एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर लगातार वेबीनार आयोजित करवा रहा है, हाल ही में हुए 2-3 मई के वेबीनार का आयोजन जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनेंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर दिव्यंकल मंगल ने करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप गुरु त्रिपाठी ने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनेस स्टार्ट नहीं किया जा सकता और कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनेस के रूप में रूपान्तरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनेस प्रपोजल बनाएं और इन्वेस्टर व एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के सामने प्रस्तुत करते हुए किन-किन बातों का ध्यान रखें। उदाहरण के तौर पर उन्होंने एग्री बिजनेस से संबंधित कई नए विचार प्रतिभागियों से सांझा किए और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु ने प्रतिभागियों को बताया कि आज के दौर में एजुकेशन में कंपिटीशन बढ़ने के कारण नौकरी में भागीदारी पाना बड़ा ही कठिन हो गया है उन्होंने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप क्यों जरूरी है और इस के क्या-क्या फायदे हैं, उन्होंने यह भी बताया कि अगर आज का ताजा उदाहरण देखें तो कैसे कोविड-19 संक्रमण के चलते शहरों में व्यवसाय की उम्मीद में गए लोग वापस अपने घरों को लौट रहे हैं। यह प्रयोग कृषि क्षेत्र में कुटीर उद्योगों के लिए एक नई क्रांति का अवसर पैदा करता है।

इसी प्रकार आरकेवीवाई रफ्तार के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. आर.के. झोरड़ ने बताया कि इस तरह के वेबीनार अपना नया व्यवसाय शुरू करने वाले किसान भाई-बहनों व युवा साथियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस वेबीनार में एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ-साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. सीमा रानी ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर आगे भी ऐसे वेबिनार का आयोजन करता रहेगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम .... नभ छोर ....
दिनांक 4.5.2020 .... पृष्ठ सं. .... 2 .... कॉलम 1-4

कुटीर उद्योगों के लिए नई क्रांति का अवसर : विक्रम सिंधु

हिसार/04 मई/रिपोर्टर

कोविड 19 के कारण हुए लॉकडाऊन की गंभीरता को देखते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह लगातार ऑनलाइन कार्यशाला व वेबीनार को बढ़ावा दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि एबीक के साथ जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स अपने बिजनेस को नए आयाम दे रहें है। उन्होंने छात्रों व किसानों से आह्वान किया कि वे एबीक से जुड़कर कृषि क्षेत्र में अपने नए स्टार्टअप्स शुरू कर सकते हैं ताकि युवा ऊद्यमी अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखे बल्कि अपने क्षेत्रों में इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें। इस प्रकार के वेबिनार सभी युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगारोन्मुखी व सफल साबित होते हैं। हाल ही में हुए 2-3 मई के वेबीनार का आयोजन जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनेंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर ट्विंकल मंगल ने करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप गुरु त्रिपाठी ने सबसे पहला मंत्र यह दिया कि बिना विचार के कोई भी बिजनेसं स्टार्ट नहीं किया जा सकता और कैसे यह विचार उत्पन्न हो और बिजनेस के रूप में रूपान्तरित हो, इन बिंदुओं पर अहम चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि कैसे वह अपना बिजनेस प्रपोजल बनाएं और इन्वेस्टर व एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के सामने प्रस्तुत करते हुए किन-किन बातों का ध्यान रखें। उदाहरण के तौर पर उन्होंने एग्री बिजनेस से संबंधित कई नए विचार प्रतिभागियों से सांझा किए और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु ने प्रतिभागियों को बताया कि आज के दौर में एजुकेशन में कंपटीशन बढ़ने के कारण नौकरी में भागीदारी पाना बड़ा ही कठिन हो गया है उन्होंने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप क्यों ज़रूरी है और इसके क्या-क्या फायदे हैं, उन्होंने यह भी बताया कि अगर आज का ताजा उदाहरण देखें तो कैसे कोविड-19 संक्रमण के चलते शहरों में व्यवसाय की उम्मीद में गए लोग वापस अपने घरों को लौट रहे हैं। यह प्रयोग कृषि क्षेत्र में कुटीर उद्योगों के लिए एक नई क्रांति का अवसर पैदा करता है। इसी प्रकार आरकेवीवाई रफ्तार के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि इस तरह के वेबीनार अपना नया व्यवसाय शुरू करने वाले किसान भाई-बहनों व युवा साथियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने बताया कि वेबीनार के साथ-साथ कुछ केस स्टडी या प्रैक्टिकल एक्सरसाइज जोड़ दिए जाएं तो इसका अधिक लाभ पा सकते हैं। इस वेबीनार में एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीमा रानी व इनक्यूबेशन की पूरी टीम के साथ-साथ लगभग 200 किसानों, युवा साथियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम देशबन्धु (प्रौद्योगिकी)
दिनांक 4 : 5 : 2020 पृष्ठ सं 8 कॉलम 2:3

हकृवि में एग्री बिजनेस स्थापित करने को स्टार्टअप गुरु ने सुझाए सफल मंत्र

हिसार 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कोविड 19 के कारण हुए लोक डाउन की गंभीरता को देखते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह लगातार ऑनलाइन कार्यशाला व वेबीनार को बढ़ावा दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि एबीक के साथ जुडक़र एग्री स्टार्टअप्स अपने बिजनेस को नए आयाम दे रहें है। उन्होंने छात्रों व किसानों से आह्वान किया कि वे एबीक से जुडक़र कृषि क्षेत्र में अपने नए स्टार्टअप्स शुरू कर सकते हैं ताकि युवा ऊद्यमी अपनी उद्यमिता को अपने तक सीमित न रखे बल्कि अपने क्षेत्रों में इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें। इस प्रकार के वेबिनार सभी युवाओं और उधमियों के लिए रोजगारोन्मुखी व सफल साबित होते है। कुलपति के दिशा-निर्देशानुसार एचएयू में स्थापित एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर लगातार वेबीनार आयोजित करवा रहा है। हाल ही में हुए 2-3 मई के वेबीनार का आयोजन जाने-माने स्टार्टअप गुरु अभिषेक त्रिपाठी और बिजनेस मैनेजर विक्रम सिंधु, फाइनेंस मैनेजर मनीषा मनी, कस्टमर केयर मैनेजर ट्विंकल मंगल ने करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप गुरु त्रिपाठी ने सबसे पहला मंत्र यह दि